सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 फाल्गुन 7, गुरुवार, शाके 1947–फरवरी 26, 2026 अंक 48
Vol. 77 Phalguna 7, Thursday, Saka 1947–February 26 , 2026 No. 48

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, वीनेश शर्मा पत्नी श्री उमेश चन्द शर्मा, निवासी सेकण्ड फ्लोर, प्लॉट नं. 26, वेलकीन ऐक्लेव श्री किशनपुरा, जगतपुरा, जयपुर राजस्थान– 302017 की हूँ तथा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि :–

1. यह है कि मेरी पुत्री नव्या शर्मा एवं मेरे पुत्र पार्थ दुबे के जन्म प्रमाण–पत्र में माताजी का नाम अर्थात् मेरा नाम गौरी शर्मा एवं गौरी दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम वीनेश शर्मा (VEENESH SHARMA) दर्ज है। यह है कि उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा एक ही महिला के हैं।
2. यह है कि मैं अब मेरे पुत्र–पुत्री के जन्म प्रमाण–पत्र में माता का नाम बदलवाकर वीनेश शर्मा (VEENESH SHARMA) करवाना चाहती हूँ तथा भविष्य में मुझे मेरे पुत्र–पुत्री के दस्तावेजों में वीनेश शर्मा (VEENESH SHARMA) के नाम से ही जाना व पहचाना जावेगा।
3. यह है कि मैं यह शपथ–पत्र मेरे पुत्र–पुत्री के समस्त दस्तावेजों में माता का नाम अर्थात् मेरा नाम वीनेश शर्मा (VEENESH SHARMA) दर्ज करवाने व गजट सूचना में नाम प्रकाशित करवाने के लिए प्रस्तुत कर रही हूँ।

वीनेश शर्मा
शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहीता सत्यापित करती हूं कि शपथ–पत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरी निजी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है, कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। ईश्वर साक्षी हैं।

वीनेश शर्मा
शपथग्रहीता

ATTESTED
B. S. MAURYA
02-02-2026
NOTARY (GOVT. OF INDIA)
SODALA, AJMER ROAD, JAIPUR (RAJ.).

33393

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।